संक्षिप्त

पदक विजेता खिलाड़ी सम्मानित

डूंडलोद। डूंडलोद विद्यापीठ के चार खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने पर विद्यापीठ परिसर में सम्मान किया गया। डीवीपी के कोच रामकरण सिंह एवं शारीरिक शिक्षक विकास भार्गव ने बताया कि लुसेंट स्कूल एकेडीबीकेडी ओसियां जोधपुर में 30 सितंबर से सात अक्टूबर तक आयोजित हुई 69वीं 14 वर्षीय राज्य स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में दीपांशु, आदित्य, शाहिद एवं छात्रा वर्ग में उर्वशी ने झुंझुनूं जिले की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए दोनों वर्गों में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता है। कांस्य पदक जीतने पर खिलाड़ियों का माल्यार्पण एवं मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया। डीवीपी सचिव मुकेश पारीक, सह सचिव सीताराम जीनगर, प्रबंध समिति के हुसैन खां, प्राचार्य एसके शर्मा, उप प्राचार्य अशोक सैन, लेखाधिकारी प्रदीप जोशी, मदनमोहन वर्मा, अभिभावक अशोक कुमार ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए भविष्य में राष्ट्रीय स्तर तक खेलने की शुभकामनाएं दी।

चिकित्सा परामर्श शिविर आज

झुंझुनूं। जिला मुख्यालय के इंदिरा नगर स्थित काया हॉस्पिटल में अस्पताल के प्रथम स्थापना दिवस के उपलक्ष में निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन शनिवार को किया जाएगा। शिविर में डॉ. संदीप बेनीवाल हड्डी एवं जोड़ संबधित समस्याओं के लिए परामर्श देंगे साथ ही और स्त्री एवं प्रसूति संबधित रोगों के समाधान के लिए परामर्श डॉ. गुलशन बानो द्वारा दिया जाएगा। डॉ. संदीप बेनीवाल ने बताया कि शिविर जोड़ों में दर्द, कमर दर्द, गठिया बाय, रिंगन बाय आदि के लिए निशुल्क परामर्श दिया जाएगा। साथ ही बीपी शुगर की जांच निशुल्क की जाएगी। इस शिविर में हड्डियों की कमजोरी जांचने वाली 2000 रुपए की बीएमडी जांच भी निशुल्क की जाएगी। साथ ही शिविर में एक्स रे पर 15 प्रतिशत और दवाइयों पर 10 प्रतिशत की छूट भी प्रदान की जाएगी। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. गुलशन बानो ने बताया कि शिविर में अनियमित माहवारी, बच्चेदानी की गांठ की समस्या, पीसीओडी, सफेद पानी की समस्या सहित सभी स्त्री रोगों से संबंधित परामर्श निशुल्क प्रदान किया जाएगा। दवाओं पर भी 10 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी।

नेत्र चिकित्सा शिविर कल

झुंझुनूं। महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के तत्वावधान में स्वर्गीय मुन्नीदेवी अग्रवाल की पुण्य स्मृति में बजरंगलाल अग्रवाल के सौजन्य से 12 अक्टूबर रविवार को सुबह नौ बजे से 12 बजे तक चावो दादी मंदिर झुंझुनूं में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। निवर्तमान अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान ने बताया कि शिविर में टीबड़ा आई हॉस्पिटल टीम द्वारा आधुनिक मशीनों से आंखों की जांच कर दवाइयां एवं चश्मे निशुल्क दिए जाएंगे एवं चयनित मोतियाबिंद रोगियों के ऑपरेशन रियायती दर पर कराए जाएंगे। अपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल टीम द्वारा मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप रोगियों की निशुल्क जांच कर परामर्श दिया जाएगा।

समापन समारोह आज

पाटन। पीएम श्री गजानन्द मोदी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नीमकाथाना के खेल मैदान में अक्टूबर माह से चल रही 69वीं जिला स्तरीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन समारोह शनिवार प्रात: 10 बजे भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा।संयोजक प्रभारी एवं प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दौड, भाला फेंक, गोला एवं तस्तरी फेंक, लंबी एवं ऊंची कूद जैसी ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं में दमदार प्रदर्शन किया। साथ ही प्रतियोगिता में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी सभी का मन मोह लिया।समापन समारोह से पूर्व शनिवार सुबह फाइनल मुकाबले आयोजित किए जाएंगे, जिनमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के श्रेष्ठ एथलीट्स अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।इस अवसर पर निर्णायक मंडल, कोच, स्काउट्स एवं विभिन्न व्यवस्थाओं में सहयोग देने वाले कर्मियों का भी विशेष रूप से सम्मान किया जाएगा।शुक्रवार संध्या को विद्यालय प्रांगण में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने लोकनृत्य आदि किया।

सेन्टर पर बढ़ती भीड़ और महज 1400 थैले डीएपी को देखते हुए स्थित कई बार तनावपूर्ण बनी

- डीएपी वितरण को लेकर नोहर में भी गहमा गहमी का माहौल रहा
- डीएपी पाने के लिए पुरुष ही नहीं बल्कि महिलाओं व बालिकाओं ने भी मोर्चा संभाल रखा था
- जनप्रतिनिधियों ने मामले में चुप्पी साधी

नोहर,(निसं.) डीएपी वितरण को लेकर नोहर में भी गहमा गहमी का माहौल रहा। किसानों में डीएपी लेने को लेकर मारामारी मची रही। हालांकि बीती रात को ही किसान यहां सहकारी समिति के गोदाम के समक्ष जुटने लगे थे। अल सुबह हजारों किसानों की भीड़ गोदाम के समक्ष जुटी दिखाई दी। बढती भीड और महज 1400 थैले डीएपी को देखते हुए स्थित कई बार तनावपूर्ण बनी। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे एसडीएम राहुल श्रीवास्तव व थाना अधिकारी ईश्वरानंद शर्मा ने किसानों से समझाइश कर स्थिति को संभाला। उसके बाद सुचारू रूप से डीएपी बैग का वितरण किया जा सकता। डीएपी वितरण के दौरान अनाज मंडी में भारी भीड रही। सहकारी समिति के गोदाम के अलावा भी एक अन्य केंद्र पर डीएपी के टोकन के लिए भीड रही। डीएपी पाने के लिए पुरुष ही नहीं बल्कि महिलाओं और बालिकाओं ने भी मोर्चा संभाला हुआ था। करवा चौथ के व्रत के बावजूद महिलाएं भी डीएपी के टोकन लेने के लिए मैदान में डटी रही। पुलिस को भी भीड को नियंत्रित करने के लिए काफी मशक्कत करनी पडी। उधर डीएपी वितरण से जुडे सहायक कृषि निदेशक विस्तार रामप्रताप गोदारा ने बताया की मांग के अनुरूप डीएपी नहीं मिलने के कारण समस्या आ रही है फिर भी टोकन व्यवस्था के अनुसार किसानों को प्रत्येक टोकन पर एक-एक थैला डीएपी के बैग उपलब्ध करवाई जा रही हैं। जल्द ही व्यवस्था को सुचारू कर दिया जाएगा। उधर डीएपी की किल्लत के कारण परेशान किसानों ने जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों से जुडे इस संवेदनशील मुद्दे को लेकर भी जनप्रतिनिधिय गंभीर नहीं है, जिस कारण हर साल इस तरह की समस्या से किसानों को जूझना पड रहा है। इस तरह हुआ वितरण शुक्रवार को सहकारी क्रय विक्रय समिति में 600 नोहर महिला फल सब्जी सहकारी समिति में 800 थैली डीएपी का वितरण किया गया वहीं ग्राम सेवा सहकारी समितियां में भी प्रति किसान एक थैला डीएपी मूल्य 1350 रुपए में वेतन किया गया वहीं सूत्रों से मेरी जानकारी के अनुसार अब आगामी एक-दो दिन में 1000 ठेले इसको एनपीके का वितरण क्रय विक्रय समितियां में होगा जिसका मूल्य 1850 रुपए होगा।

गेस्ट फैकल्टी के आवेदन आमंत्रित

झुंझुनूं, । सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित विद्यालय स्तरीय छात्रावासों में कठिन विषयों की कोचिंग के लिए विद्या संबल योजना के अंतर्गत गेस्ट फैकल्टी की सेवाएं ली जाएगी।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक डॉ. पवन पूनियां ने बताया कि यह व्यवस्था जिले के राजकीय अंबेडकर छात्रावास नवलगढ़, मुकुंदगढ़, मंडावा, झुंझुनूं प्रथम, झुंझुनूं द्वितीय, बगड़, चिडावा, सूरजगढ़, पिलानी, उदयपुरवाटी, खेतड़ी, महरमपुर, बुहाना एवं राजकीय सावित्रीबाई फुले कन्या छात्रावास झुंझुनूं गुढा पौंख में लागू होगी। इन छात्रावासों में कक्षा नौ से 12 तक अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को गणित, विज्ञान एवं अंठोजी जैसे कठिन विषयों की कोचिंग प्रदान की जाएगी। प्रत्येक छात्रावास में एक गेस्ट फैकल्टी नियुक्त की जाएगी। जो प्रतिदिन शाम 6 से 7 बजे तक एक घंटे का अध्यापन कार्य करेगी।

राज्यपाल से सम्मानित होंगे जिले के स्काउट : सुंडा

झुंझुनूं। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय झुंझुनूं पर जिला स्तरीय राज्य पुरस्कार स्काउट अनुशंसा शिविर का आयोजन 10 से 12 अक्टूबर तक स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनूं पर आयोजित किया जा रहा है। सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि शिविर में राज्य मुख्यालय द्वारा चुरू जिले के सहायक लीडर ट्रेनर एवं उपाचार्य रज्जाक खान को मुख्य परीक्षक लगाया गया है। शिविर में जिले के 45 विद्यालयों से 240 स्काउट राज्य पुरस्कार अवार्ड की परीक्षा दे रहे हैं। शिविर निरीक्षण के लिए स्काउट गाइड जिलाध्यक्ष गंगाधर सिंह सुंडा ने शिविर का आकस्मिक विजिट कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा शिविर की व्यवस्थाओं पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इन स्काउट्स के उत्तीर्ण होने पर इन्हें 22 फरवरी 2026 को महामहिम राज्यपाल द्वारा हस्ताक्षरित्र राज्य पुरस्कार अवार्ड से इन नौनिहालों को सम्मानित किया। इस दौरान रेलवे स्काउटर एवं वाणिज्यिक अधिकारी ओमप्रकाश आर्य ने स्काउट गाइड की महत्वता पर प्रकाश डाला। शिविर में जिला प्रशिक्षण आयुक्त चिरंजीलाल शर्मा, सामुदायिक कार्यकर्ता, स्वच्छता प्रोत्साहन आदि की परीक्षा दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा ली जा रही है।

तेजाजी बोर्ड शुरू करवाने के लिए प्रदर्शन

पिलानी। राष्ट्रीय जाट महासंघ के जिला सचिव वैद सत्यनारायण पूनियां के नेतृत्व में तेजाजी बोर्ड का सुचारू रूप से संचालन करने के लिए डूलानियां गांव में प्रदर्शन किया गया। राष्ट्रीय जाट महासंघ के जिला सचिव वैद सत्यनारायण पूनियां ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा 2023 में जाट समाज के उत्थान के लिए तेजाजी बोर्ड का गठन किया गया था। लेकिन तेजाजी बोर्ड का संचालन आज तक शुरु नहीं किया गया है। जिससे जाट समाज में आक्रोश व्याप्त है। राजस्थान सरकार से राष्ट्रीय जाट महासंघ की मांग है कि सरकार तेजाजी बोर्ड का सुचारू रूप से संचालन शुरू करे ।

दोरासर गांव में सहकारी समिति की सौगात

झुंझुनूं। दोरासर गांव के किसानों को अब अल्पकालीन फसली ऋण, खाद और बीज के लिए दूसरे गांवों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सरकार ने दोरासर में सहकारी समिति की स्थापना के आदेश जारी कर दिए हैं।

आदेश जारी होने के बाद गांव में खुशी की लहर हैं। ठाामीणों ने पूर्व सरपंच अर्जुन महला की अगुवाई में झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू के जनसुनवाई केंद्र पहुंचकर उनका आभार व्यक्त किया। पूर्व सरपंच अर्जुन महला ने बताया कि अब तक दोरासर गांव में सहकारी समिति नहीं होने के कारण किसानों को ऋण, खाद और बीज जैसी सुविधाओं के लिए कुलोठ कलां गांव जाना पडता था। साधनों के अभाव में कई किसान पैदल ही वहां तक जाते थे। इससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पडता था। ठाामीणों ने लंबे समय से गांव में सहकारी समिति की स्थापना की मांग की थी। इस संबंध में उन्होंने विधायक राजेंद्र भांबू को समस्या से अवगत कराया था। विधायक भांबू के प्रयासों से अब दोरासर में सहकारी समिति की स्थापना के आदेश जारी हुए हैं। विधायक राजेंद्र भांबू ने कहा कि दोरासर के किसानों को अब फसली ऋण और कृषि संसाधनों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। सहकारी समिति बनने से किसानों को गांव में ही सभी कृषि सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

प्रेरक स्कूल की प्रतिभाओं का किया सम्मान

- पोस्टर, श्रुतिलेख, चम्मच दौड़, म्यूजिकल चेयर, गुब्बारा फोड़ आदि में प्रथम एवं द्वितीय रहे विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

झुंझुनूं, 10 अक्टूबर। शिव कॉलोनी पटेल नगर स्थित प्रेरक पब्लिक सैकंडरी स्कूल के संस्थापक स्व. डॉ. निर्मल कुमार शर्मा की द्वितीय पुण्यतिथि पर स्कूल की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त सीओ स्काउट मान महेंद्र सिंह भाटी थे। अध्यक्षता संस्था निदेशक सुरेंद्र कुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुआ। इस दौरान निमध, समान्य ज्ञान, पोस्टर, श्रुतिलेख, चम्मच दौड़, म्यूजिकल चेयर, गुब्बारा फोड आदि में प्रथम एवं द्वितीय रहे विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि डॉ. निर्मल शर्मा की स्मृति में कालीपहाड़ी ग्राम सार्वजनिक वीर हनुमान मंदिर में 54 हजार रुपए की लागत से टाइल्स लगवाई हैं। मुख्य अतिथि भाटी ने बताया कि प्रतिभाओं का सम्मान करने से उनमें आगे बढ़ने का जज्बा बढता है। इस दौरान सुभाषचंद्र, सुनिल सीला, इंद्राजसिंह, सुनिल पचार, कुलदीप योगी, पिंकी, नीतू कुमारी, कृष्णा, मंजू खटीक, सुमन शीला आदि उपस्थित रहे। संस्था के परिक्षित शर्मा ने आभार जताया।

बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़

पाटन। ग्राम दलपतपुरा में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का मुख्य प्रवेश द्वार पिछले एक वर्ष से क्षतिग्रस्त अवस्था में पडा हुआ है, जिससे विद्यालय में अध्ययनरत सैकड़ों बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। इस समस्या की जानकारी कई बार विद्यालय प्रशासन और ठाम पंचायत को दी गई, लेकिन आज तक इस पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो सकी है।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इस संदर्भ में विद्यालय के प्रधानाचार्य से कई बार संपर्क किया। प्रधानाचार्य द्वारा जानकारी दी गई ।

बिल्डिंग में कारपेंटर ने खुदकुशी की

झुंझुनूं। शहर के शहीदान चौक में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में कारपेंटर का काम कर रहे 28 साल के विष्णु जांगिड़ ने आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का अब तक खुलासा नहीं हो पाया है। विष्णु जांगिड़ के शव को बीडीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया।

जिसके बाद पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। जानकारी के मुताबिक शहीदान चौक के पास ही बंदूकियों का मोहल्ला निवासी 28 वर्षीय विष्णु जांगिड़ पुत्र अशोक जांगिड़ एक बिल्डिंग में बनें फ्लेट पर काम कर रहा था। रात को भी वह काम ही कर रहा था। सुबह जब फ्लेट में काम करने के लिए दूसरे मजदूर आए तो उन्होंने देखा तो इसी फ्लेट में विष्णु जांगिड़ बिजली के तार से झूलता हुआ मिला। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विष्णु के शव को बीडीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। परिजनों को सूचना दी गई है। परिजनों को की रिपोर्ट पर शव का पोस्टमार्टम कराकर सौंपा गया। विष्णु अकसर जयपुर रहता था।

दो छात्राओं का कराटे नेशनल में चयन

चिड़ावा। 69वीं राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में एपीएस स्कूल चिडावा की दो छात्राओं का नेशनल स्तर पर चयन हुआ है।

प्रधानाचार्य सुनिल श्रीवास्तव ने बताया कि मीरा इंटरनेशनल स्कूल झुंझुनूं में 29 सितंबर से छह अक्टूबर तक आयोजित 69वीं राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा वर्षा मान ने गोल्ड एवं छात्रा सोनिका सोमरा ने सिल्वर मैडल जीतकर विद्यालय के साथ साथ झुंझुनूं जिले का नाम रोशन किया है। इन दोनों खिलाड़ियों को इंटरनेशनल कोच राकेश सैनी ने प्रशिक्षित किया था। इससे पहले भी कोच राकेश सैनी के प्रशिक्षण में एपीएस स्कूल के कई अन्य छात्र छात्राओं ने राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर मैडल जीते हैं। इस अवसर पर विद्यालय में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कैंसर जागरूकता एवं नशा मुक्ति रैली आयोजित

झुंझुनूं, । लॉयंस क्लब झुंझुनूं एवं सीकेआरडी हॉस्पिटल सुभाष मार्ग झुंझुनूं के सौजन्य से नेहरू पार्क कलेक्ट्रेट सर्किल झुंझुनूं से लॉयन डॉ. लालचंद ढाका के सौजन्य से गांधी चौक झुंझुनूं तक कैंसर जागरूकता एवं नशा मुक्ति अभियान रैली का आयोजन किया गया। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर, क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉ. देवेंद्रसिंह शेखावत, लॉयन डॉ. लालचंद ढाका के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। रैली रवाना करने से पहले झुंझुनूं सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर एवं सीकेआरडी हॉस्पिटल के डॉ. लॉयन लालचंद ढाका का क्लब अध्यक्ष द्वारा दुपट्टा पहना कर स्वागत सम्मान किया गया। नशा मुक्ति एवं कैंसर जागरूकता अभियान रैली कार्यक्रम के प्रायोजक लॉयन लालचंद ढाका एवं संयोजक लॉयन ओमप्रकाश जांगिड थे। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉ. देवेंद्रसिंह शेखावत, सचिव लॉयन गोपालकृष्ण गुप्ता, कोषाध्यक्ष लॉयन भागीरथप्रसाद जांगिड, रीजन चेयरपर्सन लॉयन डॉ. एनएस नरूका, एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास, एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान, लॉयन शकुंतला पुरोहित, लॉयन ओमप्रकाश जांगिड, लॉयन डॉ. लालचंद ढाका, लॉयन किशनलाल जांगिड, लॉयन डॉ. उम्मेदसिंह शेखावत, लॉयन मूलचंद सैनी, लॉयन अशोक कुमार सोनी, सीकेआरडी हॉस्पिटल सुभाष मार्ग झुंझुनूं के व्यवस्थापक नरेंद्रसिंह, डॉ. संतोष ढाका, नर्सिंग स्टाफ, विद्यार्थी सहित अन्यजन रैली में शामिल हुए। यह आयोजन विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के मौके पर किया गया था। जिसमें सीकेआरडी मेमोरियल शिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों का योगदान रहा। सीकेआरडी मेमोरियल शिक्षण संस्थान से नरेंद्र माहिच, दयाराम, फारूक सैय्यद, ममता, संगीता, जावेद, श्यामबिहारी, किशनलाल टेलर, सुरेंद्र, इरफान व सलोनी मौजूद रहे। इस अवसर पर डॉ. लालचंद ढाका ने बताया कि नशा चाहे किसी भी रूप में हो तंबाकू, शराब या ड्रग्स, यह न सिर्फ हमारे शरीर को बर्बाद करता है। बल्कि हमारी सोच, भविष्य और परिवार को भी तोड देता है। कई युवा आज नशे को कूल या ट्रेंड मान कर इसमें फंस जाते हैं, और धीरे-धीरे अपना जीवन बर्बाद कर लेते हैं। आज की नशा मुक्ति रैली का उद्देश्य सिर्फ विरोध करना नहीं है, बल्कि जागरूकता फैलाना है।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया

- श्री राधेश्याम आर. मोरारका राजकीय महाविद्यालय में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम मेंटल हेल्थ काउंसलिंग सैल, राष्ट्रीय सेवा योजना, भगवानदास खेतान राजकीय चिकित्सालय तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

झुंझुनूं, । श्री राधेश्याम आर. मोरारका राजकीय महाविद्यालय में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम मेंटल हेल्थ काउंसलिंग सैल, राष्ट्रीय सेवा योजना, भगवानदास खेतान राजकीय चिकित्सालय तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुरेंद्रसिंह ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया से दूरी बनाकर नियमित अध्ययन की आदत अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अनुशासित जीवनशैली और सकारात्मक सोच से ही सफलता एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहा जा सकता है। मुख्य वक्ता वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. अरविंद जाखड़ ने विद्यार्थियों को नकारात्मक विचारों, नशे की लत से बचने तथा प्रतिदिन अपने अनुभव डायरी में लिखने की सलाह दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश महेंद्र सोलंकी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को सही मित्र चुनने, अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्तियों से सावधान रहने तथा जीवन में स्पष्ट उद्देश्य निर्धारित करने की प्रेरणा दी। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेंद्र भांबू ने अनावश्यक तनाव, क्रोध और मोबाइल की लत से दूर रहने, परिवार के सदस्यों से संवाद बनाए रखने तथा वरिष्ठों का सम्मान करते हुए निरंतर प्रयासशील रहने पर बल दिया। अकादमिक शाखा प्रभारी प्रो. यशपाल ने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उचित दिनचर्या से तनावमुक्त रहकर सफलता प्राप्त की जा सकती है। प्रो. मंजू चौधरी ने बताया कि इस अवसर पर विद्यार्थियों को तनाव मुक्त एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने संबंधित वृत्तिचत्र का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आकांक्षा डूडी ने किया। इस अवसर पर प्रो. मानसिंह, प्रो. हरिराम आलडिया सहित समस्त संकाय एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सार-समाचार

पेंटिंग प्रतियोगिता 30 को

झुंझुनू। श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं में 30 अक्टूबर को गोपाष्टमी मेले का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया एवं मंत्री नेमी अठावाल ने बताया कि गोपाष्टमी पर्व पर खंडेलिया परिवार सूरत के सौजन्य से गौ माता की पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें कोई भी महिला, पुरुष एवं बच्चे प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। जिन्हें गोपाष्टमी पर्व पर निर्धारित समय पर श्री गोपाल गौशाला आकर निर्धारित समय में गौशाला द्वारा उपलब्ध करवाए गए चार्ट पेपर पर गौ माता का चित्र बनाकर उस पर गौ माता का स्लोगन लिखना है। प्रतिभागी को केवल चार्ट पेपर दिया जाएगा। रंग वगैरह सामठी उसे स्वयं की लानी होगी। कार्यक्रम का संयोजक रघुनाथ प्रसाद पोद्दार को बनाया गया है। पेंटिंग प्रतियोगिता में निर्णायकों द्वारा किए गए निर्णय के आधार पर प्रथम विजेता को रूपए 11 हजार रूपए, द्वितीय विजेता को 5100 रूपए, तृतीय विजेता को 3100 रूपए एवं सांत्वना पुरस्कार 1100 रूपए दिया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम आओ प्रथम पावो के आधार पर कुल 51 प्रतिभागी इसमें भाग ले सकेंगे। जिनका रजिस्ट्रेशन आधार कार्ड की प्रतिलिपि के साथ 10 अक्टूबर से गौशाला में प्रारंभ होगा। इससे अधिक रजिस्ट्रेशन 10 तक किया जाएगा। उन्हें 51 प्रतिभागी में कोई यदि अनुपस्थित रहेगा तो वरीयता के आधार पर उन्हें मौका दिया जाएगा।

जरूरतमंदों को कम्बल वितरित

चूरू। स्थानीय तेरापंथ भवन में श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा फाउंडेशन की ओर से भंडारी ट्रस्ट नागपुर के आर्थिक सौजन्य से 300 जरूरतमंद व्यक्तियों को कम्बल वितरित किये गये। समाजसेवी हनुमानमल कोठारी की अध्यक्षता में हुये कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मांगीलाल श्यामसुखा थे। वहीं कमल सिंह कोठारी, शुभकरण कोठारी व भंडारी ट्रस्ट के आदित्य कोठारी विशिष्ट अतिथि थे। इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष छतर सिंह डागा, ट्रस्टी विनोद लूनियां, प्रोफेसर कमल सिंह कोठारी व रचना कोठारी ने कहा कि अपने अथक प्रयासों से अर्जित धन का सदुपयोग कर जरूरतमंदों की सहायता करना बहुत ही नेक कार्य है। गौरतलब है कि भंडारी ट्रस्ट के अरुण भंडारी के आर्थिक सौजन्य से कम्बल वितरित किये गये। इस अवसर पर हुणतमल बांठिया, शांतिलाल पारख, हेमराज कोठारी, भरत कोठारी, संजय बरडिया, प्रकाश कोठारी, सुरेश बैद, नवरतन कोठारी, प्रताप सुराणा, राकेश कोठारी सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजेश बांठिया ने किया ।

दर्शन थोरी को बनाया जिलाध्यक्ष

झुंझुनूं, । वीर तेजा सेना संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्रीराम बिजारणियां व महामंत्री सचिन पिलानियां ने झुंझुनूं जिलाध्यक्ष पद पर युवा कार्यकर्ता दर्शन थोरी को नियुक्त किया है। अपने नियुक्ति पत्र में बिजारणियां व पिलानियां ने लिखा है कि दर्शन थोरी ने गौरवशाली जाट जाति की परम्परा, प्रतिष्ठा और बलिदान की भावना को सर्वोपरि रखते हुए समाज के प्रति सदैव उत्कृष्ट सेवाएं दी है। गैर राजनीतिक रूप से समाज सेवा में संलग्न वीर तेजा सेना संगठन के प्रति थोरी की आस्था, निष्ठा और जज्बे को देखते हुए थोरी को जिलाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। जिन्हें जल्द ही अपनी कार्यकारिणी गठित करने और संगठन को मजबूत बनाने के निर्देश दिए गए है।

90 से अधिक मॉडल्स का प्रदर्शन

चूरू। जिला मुख्यालय स्थित पीएमश्री राजकीय बागला उच्च माध्यमिक विद्यालय में इंस्पायर अवार्ड जिला स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन शुक्रवार को जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने दीप प्रज्ज्वलन कर और फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये मॉडलों का अवलोकन कर सराहना की। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि विद्यार्थी, शिक्षक व समाज के लोग वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा दें, इन नवाचारों से समाज में सकारात्मक बदलाव आयेगा। सामाजिक समस्याओं, आवश्यकताओं और भविष्य की रूपरेखा के लिए तकनीकी व नवाचारों का बेहतरीन उपयोग करें। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट कार्यों को स्वप्रेरणा से सीखें और तैयार किए गए मॉडलों में मौलिकता हो। विद्यार्थी अपने आसपास की समस्याओं को समझें, उन पर चिंतन कर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समाधान विकसित करने का प्रयास करें। उन्होंने कोड चूरू कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को कोड चूरू कार्यक्रम के बारे में जागरूक करें तथा अभिभावक शिक्षक उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कोडिंग व तकनीकी क्षेत्र में अग्रणी बनाएं।

जांगिड ने किया जिले का दौरा

झुंझुनूं, । आगामी 11 अक्टूबर को मंड्रेला में आयोजित होने वाली मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सभा को लेकर श्री विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड अध्यक्ष रामगोपाल सुथार (जांगिड) ने उदयपुरवाटी, गुढागौड़जी, जाखल व नवलगढ़ सहित कई गांवों का दौरा किया। मुख्यमंत्री की सभा में ज्यादा से ज्यादा लोग पहुंच ने की अपील की। गुरुवार को स्थानीय सर्किट हाउस में पहुंचने पर झुंझुनूं जांगिड़ समाज के लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष सुथार का स्वागत किया। इस अवसर पर जांगिड समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजनैतिक प्रकोष्ठ राजस्थान मनरूप जांगिड, भाजपा नेता महेंद्र चंदवा, शिव कुमार जांगिड़, श्यामसुंदर जांगिड, लक्ष्मीकांत जांगिड़, देवेंद्र जांगिड़, जयराज जांगिड सहित लोग उपस्थित थे।

कार्यालय नगरपरिशद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान

क्रमांक :– न.प.सु./भूमि शाखा/2025/6820 दिनांक :– 06.10.2025

आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे अंकित निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा 69ए/कृशि भूमि नियमन के अन्तर्गत पट्टा नियमन हेतु आवेदन किया हुआ है। उक्त के संबध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो आपत्ति प्रकाशन के 03 दिवस में मय दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत करे। बाद मियाद गुजरने पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा, और इकतरफा कार्यवाही की जावेगी।

क. सं.	आवेदक का नाम व पता	कस्बा	पता	क्षेत्रफल वर्गमीटर	आवासीय/व्यावसायिक
01	श्री विकास कुमार जैन पुत्र श्री कमल कुमार जैन	सुजानगढ़	भूतोडीया बास वार्ड न.27	372.64	आवासीय
02	श्री मुरलीमनोहर पुत्र श्री मालचन्द	सुजानगढ़	पारीक मंदिर के पास वार्ड न.24	455.21	आवासीय
03	पवन कुमार भार्गव पुत्र श्री बच्छराज	सुजानगढ़	भार्गव कॉलोनी वार्ड न.36	177.5	आवासीय
04	श्री किशनलाल शर्मा व इन्द्रचन्द पुत्रगण श्री तिलोकचन्द	सुजानगढ़	वार्ड न.2 हिरालाल बागडी के दुकान के सामने	256.11	आवासीय
05	श्रीमती मुन्नी लिलघर पत्नी श्री सदीक	सुजानगढ़	पी.डब्लू.डी. ऑफिस के पिछे	283.60	आवासीय
06	श्री सुशील कुमार शर्मा पुत्र श्री राधाकृष्ण शर्मा	सुजानगढ़	वार्ड न.16 लुहारगडा रोड़	62.70	आवासीय
07	श्री सुशील कुमार शर्मा पुत्र श्री राधाकृष्ण शर्मा	सुजानगढ़	वार्ड न.16 लुहारगडा रोड	61.78	आवासीय
08	श्री प्रेमसुख पुत्र श्री बलराम	सुजानगढ़	गांधी बस्ती	43.65	आवासीय
09	श्री खुशीराम पुत्र पीरामल माली	सुजानगढ़	सांखला बास वार्ड न. 18	129.02	आवासीय
10	श्री बंसत कुमार चौधरी